कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गुलशन कुमार निवासी 3370, पूसा गेट, रणजीत नगर, दक्षिण पटेल नगर के पास, नई दिल्ली– 110008

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय

अपील संख्या 34/2026

निर्णय

दिनांक 08.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2026/677 दिनांक 09.03.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय ने पत्र कमांकः भू.अ./आरटीआई/2026/1411 दिनांक 08.04.2026 के द्वारा प्रार्थी को सूचित किया है कि "आप रिकार्ड शाखा में एवं जीएडी शाखा में स्वयं उपस्थित होकर मौजूद रिकार्ड का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध रिकार्ड की नकल प्रार्थना पत्र के साथ नियमानुसार कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है।" उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिकराय को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official